आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लखनऊ में शुरू हुआ दो दिवसीय सीएसआईआर स्टार्टअप । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–नई सोच को नया संसार देगा यह कॉन्क्लेव।
- आठवें पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' अभियान का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे शुभारंभ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान को लेकर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश।
- सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा पर्व' को 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में मनाएगा वन विभाग। प्रदेश भर में लगाए जाएंगे पंद्रह लाख पौधे।
- एशिया कप क्रिकेट के एक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया।

**********

लखनऊ में कल दो दिवसीय सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव शुरू हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और सीएसआईआर की महानिदेशक डॉक्टर एन कलाई सेल्वी के साथ–साथ वैज्ञानिकों और देश भर से आये दो सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कॉन्क्लेव की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 'एक जिला एक उत्पाद' के जरिए स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है।

**प्रदेश सरकार लगातार ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट्स के माध्यम से स्टार्टर्सअप को भी प्राथमिकता देने के साथ–साथ उनको सस्ते दर पर ऋण और सब्सीडी देने का लगातार काम कर रही है हमें कहने में प्रसन्नता है उ0प्र0 सरकार ने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है।**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कॉन्क्लेव के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कॉन्क्लेव के आयोजन को लेकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव नई सोच को नया संसार देगा, नई उर्जा को नया विस्तार देगा और नई पीढ़ी को आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास की अमिट पहचान देगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्रह सितंबर को आठवें पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान पूरे देश में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ तथा पोषण सेवाओं को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पहल का नेतृत्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। प्रदेश में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। श्री पाठक ने कहा कि इस अभियान के दौरान प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए।

**********

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कल महाराजगंज में आयोजित जीएसटी रिफॉर्म्स व्यापारी सम्मेलन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यापारियों के अनुकूल बनाना है। आने वाले समय में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होंगे, जो देश के व्यापारिक माहौल को और बेहतर बनाएंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को जीएसटी परिषद ने लोगों के जीवन–यापन को बेहतर बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर कटौती की घोषणा की थी। स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक विशेष रिपोर्ट–

**स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम जिन पर पहले 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था। इस महीने की 22 तारीख से वह कर से पूरी तरह मुक्त हो जाएंगे। अब बीमा धारकों को केवल बेस प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा। इस क्षेत्र में टैक्स को समाप्त करने से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त लोगों को बड़ा लाभ होगा, जो अक्सर उच्च प्रीमियम के कारण स्वास्थ्य बीमा लेने से हिचकिचाते हैं। समर्थ सिंह के साथ रिशु जयसवाल आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व को वन विभाग 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में भी मनाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने इस संबंध में मुख्यालय व जनपद स्तर पर सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**स्वच्छ उत्सव के दौरान स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक विरोधी अभियान, पक्षी अभयारण्यों में खर–पतवारों की सफाई के लिए आयोजन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण जैसे विषयों पर जन–जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को प्रत्येक जनपद में पौधरोपण कार्यक्रम होगा। वन विभाग की ओर से आमजन, संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों को पौधे उपलब्ध कराए जाएगें। साथ ही सेवा पर्व के दौरान प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण होंगे। समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।**

**********

एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से पराजित कर दिया। कल रात दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने निर्धारित बीस ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर एक सौ सत्ताईस रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने चार ओवर शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम की तरफ से किफायती गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल करने वाले कुलदीप यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**********

एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने महिला हॉकी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाला बताया है। एशिया कप में महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कल फाइनल मुकाबले में चीन के खिलाफ चूक जाने से उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**********

जौनपुर जिले के लाईन बाजार थानाक्षेत्र में सीहीपुर रेलवे क्रासिंग के पास आज तड़के एक ट्रेलर और यात्री बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। बस में सवार सभी यात्री छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। यह सभी लोग अयोध्या से वाराणसी जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ कुमार ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया है।

**********

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। गाजीपुर, बलिया में गंगा नदी और बाराबंकी व फैजाबाद में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इस समय राज्य के तेईस जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। फतेहपुर में गंगा का जल स्तर बढ़ने से कई गांव बाढ़ग्रस्त हैं। बाढ़ पीड़ित एक सौ सत्तर परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। उप जिलाधिकारी बिंदकी प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि प्रभावितों के लिए टेंट और भोजन की व्यवस्था की गई है।

**यहाँ पर कैम्प में जो भी लोग हैं उनके लिए प्रॉपर टेंट की भी व्यवस्था है तीन टाइम खाने की व्यवस्था की गई है टॉयलेट वगेरा की भी व्यवस्था कर दी गई है उनको तिरपाल वगेरा भी वितरित किये गए थे तो व्यवस्था तो प्रशासन की तरफ से पूरी की गयी है।**

इस बीच, पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित आसपास के कई जिलों में कल रात से रुक रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा का क्रम जारी है।

**********

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र–दो हजार पचीस–छब्बीस में प्रवेश की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा अभिषेक सिंह ने बताया कि वॉक–इन सिद्धान्त पर राजकीय संस्थानों में पंजीकरण और प्रवेश की सुविधा बीस सितम्बर, जबकि निजी संस्थानों में पंजीकरण उनतीस सितम्बर तक और प्रवेश तीस सितम्बर तक होगा।

**********